Roll No. .....

INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 2
BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION

MAY 2014

Total No. of Questions – Total No. of Printed Pages – 8

Time Allowed – 3 Hours Maximum Marks – 100

JCR-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his / her answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

Marks

1. (a) Sunil borrowed a sum of ₹ 3 lakh from Rajendra. Sunil appointed Rajendra as his agent to sell his land and authorized him to appropriate the amount of loan out of the sale proceeds. Afterwards, Sunil revoked the agency. Decide under the provisions of the Indian Contract Act, 1872 whether the revocation of the said agency by Sunil is lawful ? **5**

   (b) Anson Limited held equity shares in Booban Limited. Lateron Anson Limited became a subsidiary company of Booban Limited. Decide under the Companies Act, 1956 whether it is necessary for Anson Limited to surrender the equity shares of Booban Limited ? **5**

   (c) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect :

   (i) "Consumer Interest" and "Public Interest" are synonymous. **3**

   (ii) The phrase "Iron Law of Responsibility" means that the institution of business exists only because it performs invaluable services towards its promoters. **2**

   (d) What important factors should be considered to make oral communication effective ? **5**

Marks

2. (a) (i) Nimbaheda Textiles Limited has three separate units at three separate places in the country. Every unit of the said company prepares and maintains separate Balance Sheet and Profit and Loss Account. One of these units is incurring continuous losses and hence bonus is not paid to the employees of this unit. Decide, under the Payment of Bonus Act, 1965 whether the employees of the said unit can claim bonus on the ground that the unit incurring loss is a part of one single establishment ? **4**

(ii) Aswani who was an employee of Sun Televisions Limited, retired on 1st January, 2013 after 30 years of continuous service. The company did not pay the amount of gratuity to Aswani till the end of December, 2013. Now, Aswani claims the amount of gratuity along with interest. Decide, under the Payment of Gratuity Act, 1972 whether Aswani will succeed in his claim ? **4**

(b) What problems may arise at work place when ethical behaviour is not adopted ? **4**

(c) Briefly explain the "Grapevine Chains" propounded by the experts in relation to informal way of communication. **4**

3. (a) Explain the law relating to liability of joint promisors in a contract. 'D', 'E' and 'F' who are partners in a firm, jointly promised to pay ₹ 1,50,000/- to 'A'. Lateron 'F' became insolvent and his private assets are sufficient to pay only 1/5th of his share of debt. 'A' recovers the whole amount from 'D' through a legal action. Decide, under the provisions of the Indian Contract Act, 1872 the extent to which 'D' can recover the amount from 'E'. **8**

(b) What are the objects of the "Central Consumer Protection Council" in relation to protection of rights of the consumers ? **4**

(c) Explain those elements which can be used to influence an "Organisational Culture". **4**

Marks

4. (a) State the provisions relating to "Information Memorandum" under Section 60 B of the Companies Act, 1956. **8**

(b) What do you understand by the term "Acid Rain" ? How does it adversely affect the environment ? **4**

(c) Draft a notice for calling the meeting of the Board of Directors of a company. In this meeting following transactions have to be proposed : **4**

(i) Mr. X to be co-opted as an Additional Director.

(ii) Decision to be taken to buy-back company's equity shares.

5. (a) (i) 'A' issued a cheque for ₹ 5,000/- to 'B', 'B' did not present the cheque for payment within reasonable period. The Bank fails. However, when the cheque was ought to be presented to the bank, there was sufficient fund to make payment of the cheque. Now, 'B' demands payment from 'A'. Decide the liability of 'A' under the Negotiable Instruments Act, 1881. **4**

(ii) Ram has ₹ 2,000/- in his bank account and he has no authority to overdraw. He issued a cheque for ₹ 5000/- to Gopal which was dishonoured by the bank. Point out whether Gopal must necessarily give notice of dishonour to Ram under the Negotiable Instruments Act, 1881 ? **4**

(b) Which matters are considered to be "Ordinary" matters at the Annual General Meeting of a company ? What kind of resolution is required to be passed for 'ordinary business' and for 'special business' in an Annual General Meeting under the Companies Act, 1956 ? **4**

(c) What do you understand by "Discrimination" ? Which basic elements are involved in discrimination in employment ? **4**

Marks

6. (a) What restrictions are applicable under the Companies Act, 1956 when Articles of Association of a company are altered ? **8**

(b) Draft a 'Gift Deed' assuming your own facts regarding parties and subject matter relating to gift. **4**

(c) State whether the following statements are correct or incorrect : **4**

(i) The concept of legal personality of a company is of absolute nature.

(ii) Contracts entered into by a company after its incorporation and before it is entitled to commence business are not binding until the company becomes entitled to commence business.

(iii) A minor on his attaining majority can validate any agreement which was entered into when he was minor and which was void.

(iv) Maintenance and Champerty are void in England but not in India, till they are not opposed to public policy.

7. Attempt any **four** of the following :

(a) Solar Industries Limited sold its unit to Mars Industries Limited and contributed 30% contribution in the Pension Scheme. The transferee company refused to bear the balance 70% contribution in the Pension Scheme. Decide, under the Employees' Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952, the liability of remaining contribution. **4**

(b) What is "Return of Allotment" ? List the documents which have to be enclosed when shares are allotted on discount. **4**

(c) Decide, under the Companies Act, 1956 whether Mr. Prabhu can incorporate a new company using the phrase "Electoral Trust" with the name of the company. **4**

(d) What are the guidelines for "Active Listening" ? **4**

(e) Which threats are existing in environment which adversely affect the fundamental principles of ethics ? **4**

JCR-H

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Marks

1. (अ) सुनील ने राजेन्द्र से ₹ 3 लाख की रकम उधार ली । सुनील ने राजेन्द्र को अपनी भूमि का विक्रय करने के लिये अभिकर्ता (एजेन्ट) नियुक्त किया और उसे प्राधिकृत किया कि विक्रय के आगम से कर्ज की रकम का समायोजन कर ले । बाद में सुनील ने एजेन्सी का खण्डन (प्रतिसंहरण) कर दिया । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के उपबन्धों के अन्तर्गत निर्णीत कीजिये कि क्या सुनील द्वारा उक्त एजेन्सी का खण्डन किया जाना वैध है ? **5**

(ब) एन्सन लिमिटेड के पास बूबन लिमिटेड के समता अंश थे । बाद में एन्सन लिमिटेड बूबन लिमिटेड की सहायक कम्पनी बन गई । कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निर्णीत कीजिये कि क्या एन्सन लिमिटेड के लिये यह आवश्यक है कि वह बूबन लिमिटेड के समता अंशों का समर्पण करे । **5**

(स) कारण सहित बताइये कि क्या निम्न कथन सही है अथवा गलत –

(i) "उपभोक्ता हित" एवम् "लोक हित" समानार्थी हैं । **3**

(ii) "जिम्मेदारी की लौह विधि" पद का अर्थ है कि व्यापार की संस्था का अस्तित्व केवल इसलिये है कि वह अपने प्रवर्तकों के लिये अमूल्य सेवा प्रदान करती है । **2**

(द) मौखिक संचार को प्रभावी बनाने के लिये किन महत्वपूर्ण कारकों पर विचार किया जाना चाहिये ? **5**

Marks

2. (अ) (i) निम्बाहेड़ा टेक्सटाइल्स लिमिटेड की देश के तीन पृथक स्थानों पर तीन पृथक इकाइयाँ है । उक्त कम्पनी की प्रत्येक इकाई पृथक तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा तैयार करती है और रखरखाव करती है । इनमें से एक इकाई को लगातार हानि हो रही है और इसलिये इस इकाई के कर्मचारियों को बोनस की अदायगी नहीं होती । बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत निर्णीत कीजिये कि उक्त इकाई के कर्मचारी इस आधार पर बोनस का दावा कर सकते हैं कि हानि वाली इकाई एक ही उद्यम (establishment) का भाग है ? **4**

(ii) असवानी जो सन टेलिविजन्स लिमिटेड का एक कर्मचारी था, 30 वर्षों की नियमित सेवा के बाद 1 जनवरी, 2013 को सेवानिवृत्त हुआ । कम्पनी ने दिसम्बर, 2013 के अन्त तक असवानी को ग्रेचुइटी की रकम की अदायगी नहीं की । अब असवानी ब्याज के साथ ग्रेचुइटी की रकम का दावा करता है । ग्रेचुइटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत निर्णीत कीजिये कि क्या असवानी अपने दावे में सफल होगा ? **4**

(ब) कार्यस्थल पर नीतिगत व्यवहार को नहीं अपनाने से कौन सी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती है ? **4**

(स) संचार के अनौपचारिक तरीके के सम्बन्ध में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिपादित अंगूरलता की कड़ियाँ (ग्रेपवाइन चैन्स) को संक्षेप में समझाइये । **4**

3. (अ) एक संविदा में संयुक्त वचनदाताओं के दायित्व की विधि को समझाइये । ग, घ एवं च जो एक फर्म में भागीदार हैं, क को ₹ 1,50,000/- की अदायगी का संयुक्त वचन देते हैं । बाद में च दिवालिया हो जाता है और उसकी निजी आस्तियाँ उसके अंश का केवल 1/5 अदा करने के लिये पर्याप्त हैं । कानूनी कार्यवाही के माध्यम से क सम्पूर्ण रकम ग से वसूल लेता है । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत निर्णीत कीजिये कि ग किस सीमा तक घ से रकम की वसूली कर सकता है । **8**

(ब) उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के सम्बन्ध में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के क्या उद्देश्य हैं ? **4**

(स) उन तत्त्वों को बताइये जिनका उपयोग "संगठनात्मक संस्कृति" को प्रभावित करने के लिये किया जा सकता है । **4**

Marks

4. (अ) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 60-ख के अन्तर्गत "सूचना प्रविवरण" (इन्फोर्मेशन मेमोरेण्डम) सम्बन्धी उपबन्धों को बताइये । 8

(ब) "अम्लीय वर्षा" शब्दावली से आप क्या समझते हैं ? पर्यावरण पर यह किस प्रकार प्रतिकूल प्रभाव डालती है ? 4

(स) एक कम्पनी के संचालक मण्डल की सभा आयोजित करने के लिये सभा की सूचना का प्रारूप बनाइये । इस सभा में निम्न कार्य प्रस्तावित होने हैं : 4

(i) श्री 'क' को अतिरिक्त संचालक के रूप में लिया जाना ।

(ii) कम्पनी के समता अंशों की पुन: खरीद का निर्णय लिया जाना ।

5. (अ) (i) 'अ' ने ₹ 5,000/- का एक चैक 'ब' को जारी किया । 'ब' ने चैक को समुचित अवधि में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किया । बैंक दिवालिया हो जाता है । यद्यपि जब चैक को भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाना था, चैक के भुगतान के लिये पर्याप्त निधि थी । अब 'ब', 'अ' से भुगतान की माँग करता है । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत 'अ' के दायित्व का निर्धारण कीजिये । 4

(ii) राम के बैंक खाते में ₹ 2,000/- है और उसे बैंक अधिविकर्ष का प्राधिकार नहीं है । उसने गोपाल को ₹ 5000/- का चैक जारी किया जिसको बैंक ने अनादरित कर दिया । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत बताइये कि क्या गोपाल द्वारा राम को अनादरण की सूचना दिया जाना आवश्यक है ? 4

(ब) एक कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में किन मामलों को साधारण कार्य माना जाता है ? कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत एक वार्षिक साधारण सभा में "साधारण कार्य" एवम् 'विशेष कार्य' के लिये किस प्रकार के संकल्प की आवश्यकता है ? 4

(स) "भेदभाव" से आप क्या समझते हैं ? नियोजन में भेदभाव में कौन से मूल तत्त्व सम्मिलित हैं ? 4

Marks

6. (अ) जब एक कम्पनी के अन्तर्नियमों में परिवर्तन किया जाता है तो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत कौन से प्रतिबन्ध लागू होते हैं ? **8**

(ब) दान के सम्बन्ध में पक्षकारों एवम् विषय वस्तु के स्वयं के तथ्यों की उपधारणा करते हुए एक दान-विलेख की रचना कीजिये । **4**

(स) बताइये कि निम्नलिखित तथ्य सही हैं अथवा गलत : **4**

(i) कम्पनी के विधिक व्यक्तित्व की उपधारणा अत्यान्तिक प्रकृति की है ।

(ii) निगमन के पश्चात् और व्यवसाय आरम्भ करने के लिये अधिकृत होने से पूर्व जो संविदा (करार) किये जाते हैं वे कम्पनी पर तब तक बाध्यकारी नहीं होते, जब तक इसे व्यवसाय आरम्भ करने का प्रमाण-पत्र नहीं मिल जाता ।

(iii) एक अवयस्क, वयस्क हो जाने के बाद उन करारों को वैध बना सकता है जो उसने अवयस्कता काल में किये थे एवम् व्यर्थ थे ।

(iv) 'वाद पोषण' एवं 'वाद क्रय' के करार इंग्लैण्ड में शून्य हैं, भारत में नहीं जब तक कि वे लोकनीति के विरुद्ध न हों ।

7. निम्न में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिये :

(अ) सोलर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने अपना यूनिट मार्स इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को अन्तरित किया और पेंशन स्कीम में 30% अभिदान दे दिया । अन्तरिती कम्पनी ने पेंशन स्कीम के शेष 70% अभिदान देने से मना कर दिया । कर्मचारी भविष्य निधि एवम् विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत शेष अभिदान का दायित्व निर्धारित कीजिये । **4**

(ब) 'अंश आबन्टन विवरणी' क्या है ? यदि अंशों का आबन्टन बट्टे पर किया गया हो तो विवरणी के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज बताइये । **4**

(स) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत क्या मि. प्रभु एक नई कम्पनी का निगमन कम्पनी के नाम के साथ "इलेक्टॉरल ट्रस्ट" (Electoral Trust) के पद के साथ कर सकते हैं ? **4**

(द) "प्रभावी श्रवण" के लिये कौन से मार्गदर्शन हैं ? **4**

(च) पर्यावरण में वे कौन से भय अस्तित्व में हैं जो नीतिशास्त्र के मूल सिद्धान्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं ? **4**